सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक 30.12.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कदौरा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 शातिर चोर को चोरी के एक अदद ई रिक्शा एवं 01 मोटरसाईकिल व अवैध असलाहा के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 29.12.2024 को वादी द्वारा थाना कदौरा में तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी का ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना पर थाना कदौरा में मु0अ0सं0 196/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी क्षेत्र गस्त के दौरान दिनांक 30.12.2024 को नाका तिराहा कस्बा कदौरा के पास से अभियुक्त गोविन्द पुत्र स्व0 खिरवई दीन निवासी मु0 धोवीपुरा कस्बा व थाना कदौरा जनपद जालौन को चोरी के एक अदद ई रिक्शा एवं एक अदद मोटरसाइकिल व एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. गोविन्द पुत्र स्व0 खिरवई दीन निवासी मु0 धोवीपुरा कस्बा व थाना कदौरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद कारतूस।
2. 01 अदद ई रिक्शा।
3. 01 अदद मोटर साइकिल।
4. 9200/- रूपये नगद।
5. एक रॉड लोहे की।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. थानाध्यक्ष कदौरा मय टीम।